प्रेस विज्ञप्ति

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

अध्यक्ष, भाविप्रा द्वारा पटना हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का निरीक्षण

नई दिल्ली, 6 दिसंबर 2024: श्री विपिन कुमार, अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) ने आज पटना हवाई अड्डे का दौरा कर नए टर्मिनल भवन के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने डॉ. शरद कुमार, सदस्य (प्रचालन), भाविप्रा; श्री अनिल कुमार गुप्ता, सदस्य (योजना), भाविप्रा और साइट इंजीनियरों की टीम के साथ पूरी परियोजना का विस्तृत निरीक्षण किया। अध्यक्ष, भाविप्रा ने अपनी समीक्षा के दौरान एजेंसियों और साइट पर मौजूद इंजीनियरों को निर्देश दिया कि वे शेष बचे सभी कार्यों को तेज़ी से पूरा करें ताकि हवाई अड्डे के निर्माण कार्य को जनवरी, 2025 तक पूर्ण किया जा सके। उन्होंने विमानपत्तन निदेशक को निदेशित किया कि नए टर्मिनल के चालू होने से पूर्व परियोजना को नियत समयावधि में पूर्ण करने के लिए राज्य प्राधिकरणों और डीजीसीए, बीसीएएस सहित सभी नियामक निकायों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक अनुमोदन प्राप्त कर लें ।

पटना हवाई अड्डे के विस्तार के लिए मास्टर प्लान की अनुमानित लागत रुपए 1216.90 करोड़ है, जिसमें नए टर्मिनल भवन का विकास, बहुस्तरीय कार पार्किंग और पार्किंग स्थल के विकास का कार्य सम्मिलित है। इस नए विश्व स्तरीय टर्मिनल भवन का निर्माण क्षेत्र 65,155 वर्ग मीटर है जो व्यस्ततम समय के दौरान 3,000 यात्रियों को सुविधा प्रदान करेगा। विस्तार के उपरांत हवाई अड्डे की यात्री क्षमता वर्ष में 3 मिलियन से बढ़ाकर 10 मिलियन हो जाएगी। नए टर्मिनल भवन के निर्माण के साथ छह नए अतिरिक्त पार्किंग स्टैंड के निर्माण से वर्तमान के पांच स्टैंड की संख्या बढ़कर ग्यारह हो जाएगी।

नया टर्मिनल भवन अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त होगा, जिसमें 54 चेक-इन काउंटर, पांच यात्री बोर्डिंग ब्रिज, पांच कन्वेयर बेल्ट, और आठ इन-लाइन बैगेज एक्सरे मशीनें होंगी जिससे टर्मिनल के अंदर यात्रियों के त्वरित आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी । गृह IV- स्टार रेटेड नए टर्मिनल भवन का डिज़ाइन नालंदा के खंडहरों से प्रेरित व आंतरिक सज्जा मधुबनी चित्रकारी से सुसज्जित होगी।

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी
विवरण के लिए महाप्रबंधक (नि.सं.) से कृपया संपर्क करें: 011-20818228
प्रेस विज्ञप्ति संख्या: 22/2024-2025

ALUCORE
NCC

****